## खबर संक्षेप

### संकल्प यात्रा में हितग्राहियों को बाटा मुफ्त गैस कनेक्शन



**मवई।** मवई जनपद के ग्राम पंचायत सूरजपुरा में गुरुवार 21 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया जहां पात्र हितग्राहियों को शासन के योजना अंतर्गत लाभ वितरण किया गया इसी तारतम्य पंचायत क्षेत्र के हितग्राहियों को मुफ्त गैस कनेक्शन सेट वितरण किया गया गैस कनेक्शन पाकर लाभार्थियों अपार प्रसन्नता देखी गई लाभार्थी महिलाओं का कहना है मोदी सरकार में हमे मिली है धुए युक्त चूल्हे से आजादी सरकार ने किया महिलाओं को सशक्त ग्राम सुरजपुरा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर सचिव भारत सरकार दीप्ति गौर मुखर्जी एवम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मण्डला, मवई श्रीमती मनीषा पहलाद मरकाम जनपद अध्यक्ष मवई उपस्थित रहे इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद मरकाम, मीरा एच पी गैस के संचालक मोहन साहू, समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं समस्त शासकीय विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रोजगार से जोडने निशक्त महिलाओं को दी दो सिलाई मशीन

**मण्डला।** रोटरी क्लब मंडला मेकल के द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी असहाय एवं निःशक्तजनों को गर्म वस्त्र वितरण एवं मशीन वितरण किया गया। इसी क्रम में आदिम जाति कल्याण सेवा समिति में स्थित महिला आश्रम में रोटरी क्लब मंडला मेंकल के द्वारा सिलाई मशीन, बच्चों एवं बड़ों के गर्म वस्त्र वितरित किए गए। रोटरी क्लब मंडला मेंकल की अध्यक्ष गीता काल्पिवार ने कहां कि पीड़ित मानवता की सेवा के लिए हमारा क्लब हमेशा तत्पर रहता है और हम असहायों की मदद के लिए जो हर संभव प्रयास हो सकता है वह हम करते हैं। रोटरी क्लब मंडला मेंकल के सचिव प्रशन्न सराफ का कहना है कि आदिम जाति कल्याण सेवा समिति द्वारा संचालित है आश्रम निशक्त महिलाओं को सहारा देने का सराहनीय कार्य कर रहा है आज इनको हमने रोजगार से जोडने के लिए दो सिलाई मशीन प्रदान की है। इसके साथ ही यहां रहने वाले बच्चों एवं महिलाओं को गर्म वस्त्र का वितरण किया है। कार्यक्रम के दौरान रोटी क्लब मंडला मेंकल की अध्यक्ष सचिव एवं क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

## भारत सरकार के अपर सचिव ने की विकसित भारत संकल्प यात्रा में सहभागिता

# संकल्प को पूरा करने सहयोग आवश्यक

*** बैगा बाहुल्य सुरजपुरा में हुआ आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रत्येक पात्र व्यक्ति को केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए उसे लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गई है। भारत सरकार की अपर सचिव दीप्ति गोंड ने आज मवई विकासखंड के बैगा बाहुल्य ग्राम सुरजपुरा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की। उन्होंने ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने सभी की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी वर्ग के लोग आगे बढ़ेंगे तो देश आगे बढ़ेगा। पात्रतानुसार शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर विकास की मुख्य धारा से जुड़ें, सरकार और प्रशासन हर कदम पर उनके साथ है। इस अवसर पर प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने मंडला जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित की जा रही गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इससे पूर्व सुरजपुरा पहुंचने पर अपर सचिव सहित अन्य अतिथियों का बैगा नर्तक दल द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन तथा सीईओ जनपद मवई कपिल तिवारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

इसके साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा 21 दिसंबर को बिछिया विकासखंड के ग्राम जोगीसोढ़ा एवं खलौड़ी, बीजाडांडी में विजयपुर एवं धनवाही, मवई के मझगांव, मोहगांव में पीपरदर्रा एवं मुनु, नैनपुर में पांडीवारा एवं मानेगांव, नारायणगंज विकासखंड के सिकोसी एवं पड़रिया, मंडला विकासखंड के जारगी एवं खुर्सीपार पंचायत पहुंची जहां पर स्थानीय लोगों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।



यात्रा के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रश्नमंच तथा खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया तथा शासन के विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से उनके जीवन में आए बदलाव से संबंधित अनुभव साझा किए गए। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया गया। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण किया गया। शासन की विविध योजनाओं के तहत वंचित हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें लाभ दिलाने की कार्यवाही की गई। कार्यक्रम में उपस्थितजनों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणजनों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयों का वितरण किया गया।

### आज 14 पंचायतों में पहुँचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

विकसित भारत संकल्प यात्रा 22 दिसंबर को बिछिया विकासखंड के ग्राम पड़रिया एवं नेवसाबहेरा, बीजाडांडी में मानिकसरा एवं बरगांव, मवई में जमगांव एवं मेढ़ा, मोहगांव में मचला एवं पिपरिया रैयत, नैनपुर में भालीवाड़ा एवं चिरईडोंगरी, नारायणगंज विकासखंड के अमदरा एवं मझगांव, मंडला विकासखंड के बढ़ार एवं मालीमोहगांव पंचायत पहुंचेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा का समापन 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर होगा।

## कथा स्थल में कल्पतरू माता जी कराई 1100 महिलाओं की सुहागली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

देवदरा स्थित मेहर बाबा कुटी प्रागंण में चल रहे श्रीअष्ट लक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद्धागवत महापुराण के संगीतमय आयोजन पर साध्वी कल्पना माता के सनिध्य में 1100 महिलाओं की सुहागली की गई। दोपहर 12 बजे माता जी ने विधि विधान से सुहागली मां की पूजन अर्चन करते हुए उपस्थित महिलाओं को सिंदूर चूड़ी भेंट करते हुए पूजन कराया। यहां पर महिलाओं ने सुहागली मां की कथा सुनी पान के पत्ते में सुहागली माता बनाई गई। उपस्थित महिलाओं से कल्पतरू माता जी ने कहा कि सुहागले व्रत बहुत ही प्रचलित व्रत कथा है यह पूजा विवाह के बाद नयी दुलहन के आने पर किया जाता है। कई सुहागिन खुशी से भी यह पूजा करते है। अपनी कोई मन्नत पूरी होने पर भी लोग यह पूजा करते है।

उपस्थित महिलाओं ने विधि विधान से पूजन किया। इस दौरान दूर-दूर से महिलाएं आई जिन्होंने व्रत रखा हुआ था। जिनके फलाहर के लिए प्रधान यजमान गोवर्धन प्रसाद अग्रवाल एवं श्रीमति हेमलता अग्रवाल द्वारा व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के दौरान स्वामी हर स्वरूप जी महाराज कल्याण आश्रम अमरकंटक, स्वामी हनुमान दास जी महाराज कल्याण आश्रम अमरकंटक एवं स्वामी सच्चिदानंद जी महाराज सूर्य मंदिर मंडला को मंच से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि यह आयोजन अपने आप में धर्म और सनातन की अलख जगाने का काम करेंगा। मंडला जिले में पहली बार 1100 महिलाएं एक साथ सुहागली व्रत कर रही हैं। माताओं को देखकर मन प्रफुल्लित हो गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित महाभागवत पुराण के दौरान कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। जहां पर उपस्थित धर्मप्रेमियों ने जमकर नाच गाना किया। यहां समाजसेवी सुधीर कांसकार नंदबाबा बने और उन्होंने कृष्ण डलिया में बैठाकर जमकर नृत्य किया। बाल स्वरूप कृष्ण भी बनाए गए थे। कथा वाचक धर्मगुरू पं नीलू महाराज ने कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर बताया कि कंस की कारागार में वासुदेव देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है।

## शासन की योजनाओं से जुड़कर आर्थिक रूप से सक्षम बनें-दीप्ति गोंड

*** भारत सरकार के अपर सचिव ने किया मवई के बैगा बाहुल्य क्षेत्रों का भ्रमण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मवई विकासखंड के सैदा वनग्राम तथा सुरजपुरा के बैगाटोला में स्थानीय लोगों से चर्चा करते हुए भारत सरकार की अपर सचिव दीप्ति गोंड ने कहा कि सरकार हर वर्ग को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए संकल्पित है। शासन की प्रत्येक योजनाओं में जनकल्याण की भावना निहित होती है, आवश्यकता है इन योजनाओं को समझकर पात्रतानुसार उनका लाभ उठाने की। इस दौरान प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, सीईओ जनपद मवई कपिल तिवारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



दीप्ति गोंड ने कहा कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, स्वावलम्बन, कृषि जैसे विषयों पर गंभीरतापूर्वक कार्य कर रही है जिसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रत्येक परिवार को पक्का आवास, आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रूपए तक का निःशुल्क उपचार तथा उज्ज्वला योजना के माध्यम से गैस कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं। मिट्टी की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता दी जा रही है। जल जीवन मिशन से हर घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाना है। अपर सचिव ने चर्चा के दौरान भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं से मिलने वाले लाभों के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए उपस्थित ग्रामीणजनों से शासन की योजना का लाभ उठाने का आव्हान किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में फीडबैक भी प्राप्त किया।

## राज्य स्तरीय अंडर 17 क्रिकेट के लिए शिवेंदु सिंह पटेल (दक्ष) का हुआ चयन



*** विभागीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मिला सर्वश्रेष्ठ फील्डर का पुरस्कार।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/अंजनिया

अंजनिया सीएम राइस स्कूल अंजनिया जिला मण्डला के छात्र शिवेंदु पटेल (दक्ष) का चयन राज्य अंडर 17 प्रतियोगिता के लिए हुआ जो नरसिंहपुर में होने वाली शालेय राज्य स्पर्धा में अपना जौहर दिखाएंगा सीएम राइस स्कूल अंजनिया के प्राचार्य हेमंत राणा एवं खेल शिक्षक मुकेश पटेल ने बताया कि यह छात्र पहली बार ही प्रदेश स्तर पर चयनित होकर विद्यालय ग्राम एवं जिले को गौरवान्वित किया है, साथ ही साथ शिवेन्दु पटैल ( दक्ष ) को विभागीय राज्य प्रतियोगिता के दोरान सर्वश्रेष्ठ फील्डर का भी पुरस्कार मिला है।

आप अंजनिया निवासी सज्जन पटेल एवं माता श्रीमती संदीपा पटेल के जेष्ठ पुत्र है बेटे के राज्य स्तरीय अंदर 17 क्रिकेट के लिए चयनित होने पर पुरे परिवार मे हर्ष का माहौल है एवं सीएम राईस प्राचार्य हेमंत राणा खेल शिक्षक मुकेश पटेल एवं समस्त शाला परिवार द्वारा छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## अल्पप्रवास | पूर्व सीएम निवास की यात्रा पर पहुंचे

# बहनों-भाइयों ने बनाई सरकार- चौहान

*** पटाखे फोड़कर श्री चौहान का किया स्वागत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास





प्रदेश में अथक परिश्रम से सरकार बनाने वाले प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कल सपत्नीक अमरकंटक जाते वक्त निवास अल्पप्रवास हुआ, जिनका भाजपा मंडल के नेताओं ने पटाखे फोड़कर आगवानी व स्वागत किया रेस्टहाउस में हुये संक्षिप्त संवाद में उन्होंने कहा कि एक बार फिर केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर बहनों भाइयों ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाई है में उनका दिल से धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

### कांग्रेस के अध्यक्ष अमित चौकसे ने थामा भाजपा का दामन

कांग्रेस में बचपन से ही लगभग सत्रह वर्षों तक कांग्रेस में रहकर गांधी परिवार के विचारों पर चलते हुये पार्टी में खासी पहचान बनाने वाले अमित चौकसे की हाल में बीते चुनाव में ब्लॉक कांग्रेस संगठन से हुई अनबन से उपजे वैचारिक मतभेद के बाद अंततः अमित चौकसे ने आज पूर्व सीएम के हाथों भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कर कहा अब भाजपा ही मेरा घर होगा।

### निवास जिला बनाओ संघर्ष समिति ने जिला बनाने पुनः दिया ज्ञापन

इस मौके पर निवास जिला बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक प्रदीप जैन व समिति के सदस्यों ने निवास को जिला बनाये जाने और माँ नर्मदा का जल निवास लाये जाने का ज्ञापन देकर पुनः अपनी मांग दोहराई जिसपर पूर्व सीएम ने समिति के जिम्मेदारों को भोपाल बुलाकर इस मसले पर गंभीर बात करने का आश्वासन दिया है।

शिवराज सिंह से मिलने कार्यकर्ताओं का तांता लग गया और ज्यादातर युवा अपने चहेते नेता के साथ सेल्फी लेते रहे, इस अव्यवस्था की स्थिति में मीडिया से संवाद नहीं हो पाया न ही भाजपा मंडल ने मीडिया से संवाद करवाना उचित ही समझा, जबकि निवास के विकास को लेकर गंभीर चर्चा किया जाना क्षेत्र के हित मे होता।

ज्ञात हो कि हाल के विधानसभा चुनाव में मण्डला जिले की तीन विधानसभाओं में से सिर्फ एक पर ही भाजपा को जीत मिल पाई है, वहीं लोकसभा की आठ विधानसभा में से पाँच पर कांग्रेस ने कब्जा कर लिया है और भाजपा को सिर्फ तीन सीट पर ही जीत हासिल हो पाई है वह भी मण्डला सीट की हार कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की गलत बयानबाजी से हुई है।

उक्त स्थिति में आगामी कुछ महीने बाद लोकसभा चुनाव होने वाले हैं और मण्डला लोकसभा क्षेत्र में भाजपा काफी पीछे हो चुकी है ये बात अलग है कि एक बार फिर केंद्र में भाजपा नीत सरकार काबिज हो सकती है लेकिन मण्डला लोकसभा सीट की अधिकांश जनता वर्तमान सांसद व केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते की जनहितैषी कार्यशैली से काफी नाराज दिखाई दे रही है, क्योंकि माननीय के लंबे राजनीतिक कार्यकाल के दौरान मंडला लोकसभा क्षेत्र में विकास के कोई भी ऐसे बड़े कार्य नहीं किये गये हैं जो भाजपा को लोकसभा चुनाव के आगे भी दीर्घकालिक परिणाम देने लायक हों।

## निवास मुख्यालय की दो दिवसीय मडई आज से

**निवास।** तहसील मुख्यालय में दो दिवसीय मड़ई का आगाज आज 22 दिसंबर से होने जा रहा है। निवास मड़ई की प्रतीक्षा आसपास के अंचलों के लोगों को साल भर से रहती है। शुक्रवार को दर्जनों चंडियां लेकर ग्रामवासी मांदर, व बाजे की थाप में नाचते गाते मड़ई ब्याहने पहुंचेंगे। चंडी माता का पूजन कर निरोग होने के साथ-साथ सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। मड़ई स्थल पर मनोरंजन के साधन और व्यापारी एक दिन पहले ही पहुंच गए है। वहीं नगर परिषद की टीम ने भी पर्याप्त व्यवस्था की है। निवास थाना प्रभारी सुरेश सोलंकी ने बताया कि कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस जवानों को तैनात किया जाएगा।

## झाड़ फूंक की आड़ में बलात्कार करने वाले आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास

मीडिया प्रभारी अभियोजन जिला मण्डला द्वारा जानकारी दी गई कि अपर सत्र न्यायालय निवास ने झाड़ फूंक की आड़ में बलात्कार करने वाले आरोपी सुम्मत बरकडे उर्फ सुम्मत पंडा को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। थाना बीजाडांडी के अप०क्र० 27/2018 पर संस्थित सत्र प्रकरण क्रमांक 10/2018 के आरोपी सुम्मत पिता देवलाल बरकड़े उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम निवारी माल थाना बीजाडांडी द्वारा दिनांक 02.01.2018 को दिन करीब 11:00 बजे झाड़फूंक करने के बहाने पीड़िता के घर में ही अकेले कमरे में झाड़फूंक करते हुए बलात्कार करने के मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने यह निर्णय दिया।

मामला इस प्रकार है, कि दिनांक 03.02.2018 को पीड़िता ने थाना उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि इसकी तबियत कुछ दिनों से खराब थी पेट दर्द, सिर दर्द होते रहता था तो इसकी सास जमुना बाई ने गांव का पंडा सुम्मत बरकड़े को झाड़फूंक करने बुलाया जो एक सप्ताह पहने दिन शनिवार के दिन 11:00 बजे इसके घर पर आया था। उस समय यह और इसकी सास जमुना बाई घर पर थे, तब सुम्मत ने झाड़फूंक करने के बहाने इसे इसके ही घर के एक कमरे में ले गया तथा इसकी सास को बाहर कर दिया। कुछ झाड़फूंक मंतर किया तो इसकी आवाज निकलना बंद हो गयी और सुम्मत ने इसके साथ बलात्कार किया जिससे यह सदमें में आ गयी और इसकी आवाज बंद हो गयी थी। जब दिनांक 02.01.18 को यह सदमे से बाहर आयी तब इसने अपनी सास, ससुर एवं पति को सुम्मत द्वारा बलात्कार किये जाने की घटना बताई। सुम्मत ने बलात्कार करते समय इसके सीने में इतनी जोर से दबाया था कि इसका मंगलसूत्र इसके गले के नीचे सीने में गड़ गया था।

विवेचना उपरांत चालान माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया। विचारण के दौरान न्यायालय में आई साक्ष्य पर विचार करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार लढ़िया ने आरोपी सुम्मत बरकड़े को धारा 376 भादंवि में 10 वर्ष सश्रम कारावास एवं 5000 रूपये अर्थदंड से दंडित किया गया। मामले में पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी निवास, श्रीमती उज्ज्वला उईके द्वारा की गई।

# गन्ना ढुलाई करने वाले ट्रेक्टर ने ली जान

## लापरवाही की सच्चाई को हरिभूमि द्वारा 19 दिसम्बर के अंक में प्रमुखता से किया गया था उजागर









हरिभूमि
जबलपुर - नर्मदा भूमि
19 Dec 2023
क्षेत्र की सड़कों पर फिर दिखाई देने लगे मौत का सायरन बजाते हुये डबल ट्राली के ट्रेक्टर

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

हर साल देखा जाता है कि जब गन्ना का सीजन शुरू होता है तो दूसरे प्रांतों से गन्ना ढुलाई करने के लिये आये हुये ट्रेक्टर चालको की मनमानी इस तरह से देखने मिलती है कि उनके द्वारा खुलेआम आरटीओं के नियमों को नजर अंदाज करते हुये अपने स्वार्थ के चलते एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाते हुये सड़को पर जिस तरह की धमाचौकडी मचाते हुये देखे जाते है उसके चलते क्षेत्र के लोगों की जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूकती है। इस सच्चाई को प्रशासन में बैठे हुये अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज करते हुये पूर्णरूप से चुप्पी साधे जाने के चलते इन लोगों के हौसले सातवे आसमान पर पहुंचने से नही चूकते है और वह सड़को पर मौत का खेल खेलते हुये नजर आते? इस तरह की सच्चाई को लेकर यह प्रतीत होने से नही चूकता है कि शासन द्वारा शायद इस तरह यातायात के नियमों की धज्जियाँ उड़ाने वालों को अपना पूरा संरक्षण प्रदान किया जा रहा है..? इस तरह क्षेत्र की सड़को पर मौत का सायरन बजाते हुये इन गन्ना ढुलाई करने वाले ट्रेक्टर ट्रालियों की सच्चाई को हरिभूमि द्वारा अपने 19 दिसम्बर यानि की दो दिन पहले के अंक में प्रमुखता के साथ उजागर किया गया था। मगर प्रशासन द्वारा इस सच्चाई को एक बार फिर नजर अंदाज किये जाने का परिणाम इस तरह से देखने मिला है कि एक युवक की जान चली जाने के कारण उस घर का दीपक बुझने से नही चूक पाया है? गुरूवार को समीपस्थ ग्राम कामती पिठहरा के पास गन्ना की ढुलाई करने वाले ट्रेक्टर ट्राली से घटित हुई इस घटना का दृश्य इस तरह का था कि देखने वालों के रोंगटे खडे होने से नही चूक पा रहे थें। बताया जाता है कि मोटर साईकिल पर सबार युवक इस ट्रेक्टर ट्राली के बीच इस तरह फंसा की उसकी मोटर साईकिल ट्रेक्टर चालक की सीट के सामने जहां पूरी की पूरी समा गई थी और वाइक चालक युवक काफी दूर तक तेज गति से भाग रहे ट्रेक्टर ट्राली में फंस कर घिसटता चला जा रहा था...? बताया जाता है कि नगर के विवेकांनद वार्ड निवासी संजय विश्वकर्मा उम्र लगभग 35 वर्ष जो बेल्डिंग मशीन का मिस्त्री था जो मूल रूप से कामती का रहने वाला बताया जाता है। यह मोटर साईकिल पर सबार होकर अपने काम से कही जा रहा था कि ग्राम कामती पिठहरा के पास महाराष्ट्र प्रांत से गन्ना की ढुलाई करने के लिये आये हुये ट्रेक्टर ट्राली के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये से इस तरह से टक्कर मारी की जहां युवक मोटर साईकिल सहित ट्रेक्टर चालक की सीट के नीचे समाते हुये फंस गया और तेज गति से भाग रहे ट्रेक्टर ट्राली में फंसकर काफी दूर तक घिसटता रहा जिसके चलते युवक की मौत हो गई। इस तरह दिल दहला देने वाली घटना को लेकर लोगों में आक्रोश छाने के चलते वह युवक के शव को लेकर एक शुगर मिल पहुंचकर विरोध करने से नही चूके? इस तरह क्षेत्र की सड़को पर बाहर से गन्ना की ढुलाई करने के लिये आये हुये लोगों द्वारा जिस प्रकार से अपने स्वार्थ व डीजल बचाने के चक्कर में यातायात नियमों के विपरित एक ट्रेक्टर में दो दो डाली लेकर सड़को पर धमाचौकड़ी मचाते हुये देखे जाने के बाद भी क्षेत्र से लेकर जिले के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा सच्चाई को नजर अंदाज किया जा रहा है तो सबाल यह पैदा होने से नही चूक रहा है कि आखिरकार अधिकारियों की निंद्रा इस तरह कितने लोगों की बलि लेने के बाद भंग होगी..? इस तरह एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाना जहां यातायात नियमों के खिलाफ माना जाता है। मगर इसके बाद भी पुलिस से लेकर अन्य जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस सच्चाई को नजर अंदाज किया जा रहा है वह निश्चित तौर एक बड़े खतरे की ओर संकेत देते हुये जान पड़ रहा है। क्षेत्र की सड़को पर डबल ट्राली लगाकर चलने की सच्चाई पर गौर किया जावे तो बीते हुये वर्षो में डबल ट्रालियों के संचालन से क्षेत्र में अनेक घटनाएं घटित होते हुये देखी जा चुकी है जिसमें जहां अनेक लोगों को अपनी जिन्दगी गबाने के लिये मजबूर होना पड़ा था या फिर घटनाओं के शिकार होकर अपनी अपंगता के चलते उनका जीना दुभर होने से नही बच पाया है। कुछ इसी तरह का इस वर्ष पुनः देखने मिलना शुरू हो चुका है? बताया जाता है कि क्षेत्र की सड़कों पर बाहर से आये हुए लोगों द्वारा अपने स्वार्थ व कमाई के चलते खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुये डबल ट्रालियों का उपयोग करते हुए लोगों की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूक रहे है। जबकि बीते हुये वर्षो में क्षेत्र के लोगों द्वारा इसका विरोध किया गया था तो उस समय यहां पर तैनात रहे कर्त्तव्य निष्ठ पुलिस से लेकर अन्य जिम्मेदार अधिकारियों ने इस तरह डबल ट्रालियों के संचालन पर तुरंत रोक लगवाते हुये सख्त कार्यवाही की गई थी, जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लग गया था। मगर इस वर्ष फिर सड़कों पर दौड़ रही इस प्रकार से नियम विरूद्व डबल ट्रालियों को लेकर मीड़िया के केमरों पर रौब झाड़ने वाले अधिकारियों द्वारा जिस प्रकार से उदासीनता बरती जा रही है उसे देखकर तो यह जान पड़ रहा है कि शायद गन्ना मिलों से मिलने वाली लक्ष्मी रूपी मिठी सुगंध के चलत अधिकारियों को आम लोगों की जिन्दगी से कोई लेना देना नही रह गया है? शायद इसी का परिणाम में है कि क्षेत्र की सड़कों पर यातायात नियमों के विपरीत डबल ट्रालियाँ लगाकर दौड़ाने वालों के हौसले बुलंद होना शुरू हो चुके है। जबकि देखा जावे तो पूर्व के वर्षो में जिले से लेकर तहसील स्तर पर बैठे हुये जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस तरह की मनमानियों को गंभीरता से लेते हुये इस तरह नियम विरूद्व दौड़ने वाले डबल ट्राली ट्रेक्टरों के संचालन पर कार्यवाही करते हुये रोक लगाई गई थी। मगर इस वर्ष प्रशासन की उदासनीनता के चलते आम लोगों की जिन्दगी जहां लगातार खतरे में दिखाई दे रही है। वही दूसरी ओर बाहर से आये हुए लोगों के हौसले इतने बुलंद नजर आ रहे है कि वह नगर सहित गाडरवारा, सांईखेड़ा, सालीचौका, कौड़िया, चीचली, पलोहा मार्ग सहित क्षेत्र की अन्य सड़कों पर खुलेआम एक ट्रेक्टर में डबल ट्रालियों का उपयोग करते हुए देखे दिखाई देने लगे है। बताया जाता है कि क्षेत्र के गाडरवारा, सांईखेड़ा, सालीचौका, चीचली, कौडिया, बोहानी, खुलरी, पलोहा, बारहाबड़ा सहित संपूर्ण क्षेत्र में बाहर से आये हुए लोगों द्वारा अपने स्वार्थ व कमाई के चलते खुलेआम एक ट्रेक्टर में गन्ने से भरी हुई डबल ट्राली लगाते हुए सड़कों पर दौड़ाने से नही चूक रहे है जो यातायात नियमों की धज्जियाँ उढ़ाते हुये आम लोगों की जिन्दगी के लिये खतरा पैदा बनते हुये देखे जा रहे है? इस संबंध में जब क्षेत्र के जागरूक लोगों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि यह बात सत्य है कि एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाकर उनका उपयोग करना पूर्णरूप से नियम के विरूद्व है इतना ही नही इस प्रकार से डबल ट्रालियों के चलते आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा पैदा होने से नही चूकता है। वही दूसरी ओर कानून के जानकारों का कहना है कि किसी वाहन में अपने निर्धारित मापदंडो के अतिरिक्त उसका संचालन किया जाता है तो वह निश्चित ही नियम विरूद्व माना जाता है और इस प्रकार से एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाकर परिवहन करना गलत तथा इनसे आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा पैदा होने की बात से इंकार नही किया जा सकता है? यदि समय रहते हुये यदि प्रशासन द्वारा इस प्रकार से क्षेत्र की सड़को पर दौड़ रही नियम विरूद्व डबल ट्रालियों के खिलाफ मुहिम शुरू नही की गई तो निश्चित क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाएं घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है?

## खबर संक्षेप

### रमसा एडीपीसी ने किया क्षेत्र के स्कूलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के एडीपीसी ए के ब्यौहार ने क्षेत्र के बोहानी, कौंडिया, सिहोरा के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलो एव गाडरवारा में शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूलो में बनी आईसीटी लैब को देखा एवं वहां रखे कम्प्यूटरों से जुड़ी जानकारी लेते हुये उन्होंने इस दौरान बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी हेतु छात्र छात्राओ को मार्गदर्शन भी दिया। वही कहा कि बोर्ड परीक्षाएं नजदीक है सभी स्कूल बहुत अच्छी तैयारी कराएं जिससे कि नतीजे बेहतर आएं। निदानात्मक कक्षाओ में भी कोर्स से संबंधित कठिन बिंदुओं का समाधान जरूर करायें। निरीक्षण के समय स्कूलो के प्राचार्य, शिक्षक एवं ओ पी मेहरा, ई दक्ष से राहुल सोनी उपस्थित रहे। इस दौरान ब्यौहार ने बताया कि उनके द्वारा सम्पूर्ण जिले में सतत रूप से स्कूलो का निरीक्षण जारी है। निवारी (पान) एवं नयाखेड़ा में स्कूलो के निरीक्षण उपरांत ही गाडरवारा क्षेत्र के स्कुलो का निरीक्षण किया गया है।

### घोषणा तक सीमित होकर रह गई सांईखेड़ा पुलिस थाना क्षेत्र की बम्हौरी कला चौकी

हरिभूमि न्यूज/सांईखेडा। प्रदेश से लेकर जिला में ग्रामीण क्षेत्रों की कानून व्यवस्था में सुधार लाने के लिये जहां आये दिन नये नये पुलिस थानों से लेकर पुलिस चौकियों की घोषणा करते हुये वहां पर जिम्मेदार अधिकारियों को बैठाया जा रहा है। मगर हमारे जिले के थानों का दुर्भाग्य ही कहा जा सकता है यहां पर कुछ सुधार होते हुये दिखाई नही दे रहा है।? कुछ इसी प्रकार का हाल पुलिस चौकियों में भी देखने मिल रहा है। प्रदेश शासन द्वारा नई चौकियों की स्थापना की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कुछ वर्ष पहले दो नई पुलिस चौकी स्थापना की घोषणा होने के बाद जब यह खबर अखबारों में आई हुई थी तो लोगों में इस बात की खुशी थी कि निश्चित तौर से हमारे क्षेत्र की कानून व्यवस्था में सुधार देखने मिलेगा। मगर वह घोषणा आज भी घोषणा तक ही सीमित होते हुये जान पड़ रही है।

### किसी दिन बड़ी घटना घटित हो सकती है नगर के अंदर संचालित होने वाले कबाड़ की दुकानों से

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। इस समय नगर में जहां तहां फैली हुई कबाड़ की दुकानों की सच्चाई किसी से छिपी नही है जिन पर जहां खुलेआम चोरी का समान खरीदने के साथ साथ अन्य सच्चाई आये दिन पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही में सामने आती जा रही है? क्यों के कबाड़ के कारोबार के चलते जहां कबाड़ी चंद दिनों में लखपति बन रहे है और इसी का परिणाम है कि यह कारोबार शहरों के साथ साथ अब गांवों में फैल रहा है, जिन पर जिस प्रकार की सामग्री खरीदी जाती है उसको पुलिस प्रशासन से लेकर क्षेत्र की आम जनता भी अच्छे से जान चुकी है? इसके आलवा नगर के अंदर जहां तहां संचालित होने वाली इन कबाड़ दुकानों के चलते नगर के साथ साथ आस पास निवास करने वालो लोगों की जिन्दगी के लिए खुलेआम खतरे की घंटी बजते हुए देखी जा रही है? बताया जाता है कि इन दुकानों पर कबाड़ के रूप में खरीदा गया प्लास्टिक की सामग्री इस प्रकार से होती है कि यदि उसमें जरा सी आग लग जावे तो उसे काबू में कर पाना मुश्किल ही नही बल्कि नामुकिन हो सकता है जिसके कारण कबाड़ दुकान के साथ साथ यह आग संपूर्ण क्षेत्र को अपने आकोश में लेने चंद मिनिट ही काफी हो सकते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुए कुछ वर्ष पहले उस समय देखने मिल चुकी है जब नगर के वायपास मार्ग व पेट्रोल पंप के पीछे संचालित होने वाले एक कबाड़ दुकान में देखा गया जब रात के समय अचानक आग लग जाने के कारण चंद मिनिट में ही आग ने अपना विकराल रूप ले लिया गया, वह तो अच्छा यह हुआ की इस आग पर तुरंत काबू पा लिया गया नही तो पता नही नगर में क्या स्थिति निर्मित हो जाती इसकी कल्पना करना भी मुश्किल है।



## सीएम राइज स्कूल में कम्प्यूटर लिटरेसी के तहत कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज/सांईखेडा।

जनपद पंचायत साईंखेड़ा विकासखंड के एकमात्र सी एम राइज विद्यालय जो कि दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेडा में स्थित है। इस विद्यालय में शिक्षक और विद्यार्थी नित नए आयाम रच रहे हैं। इसी क्रम में गत दिवस विद्यालय में अध्ययनरत माध्यमिक विभाग के कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों को कंप्यूटर डिजिटल लिटरेसी के अंतर्गत ऑवर ऑफ कोड कार्यक्रम में सम्मिलित किया गया। इस कार्यक्रम में कंप्यूटर एप्लिकेशन में कोडिंग के द्वारा संस्था के बच्चों ने छोटे छोटे प्रोजेक्ट्स बनाये जिनको सराहा गया। इस अवसर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को संस्था प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा तथा माध्यमिक विभाग के प्रधानपाठक सरदार सिंह राजपूत द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। यह कार्यक्रम कंप्यूटर शिक्षक पुण्य प्रताप वर्मा के मार्गदर्शन में संचालित किया गया जिसमें विशेष सहयोग शिक्षक मनीष तिवारी द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर भानुप्रताप राजपूत, मोनिका राय, अर्चना तिवारी, आलोक द्विवेदी, पुष्पा सिलावट, छिदामी लाल कमरे आदि उपस्थित रहे।

## एजुकेशन एक्सप्रेस के जरिए साइकिल द्वारा किया जा रहा लोगों को जागरूक, नवाचारी शिक्षक हल्केवीर पटैल गांव गांव जाकर दे रहे प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।




बीते हुये 4 दिसम्बर को क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने के उद्देश्य से बी.ई.ओ. साईंखेड़ा प्रताप नारायण एवं प्राचार्य बनवारी आनंद चौकसे द्वारा हरी-झंडी दिखाकर एजुकेशन -एक्सप्रेस प्रारंभ की गई थी। बताया जाता है कि बनवारी विद्यालय में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक हल्केवीर पटेल एजुकेशन - एक्सप्रेस के संवाहक हैं। शिक्षक पटैल द्वारा लगातार 15 दिनों से प्रातः और शाम गाँव- गाँव साईकिल से भ्रमण कर बच्चों को नियमित शाला जाने, घर में लगन पूर्वक पढ़ाई करने और बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने पालकों व बच्चों को जागरूक कर रहे हैं। शिक्षक द्वारा साईकिल के माध्यम से एजुकेशन -एक्स्प्रेस का अनोखा अंदाज गाँव के लोगों को बहुत भा रहा है और इसके सुखद परिणाम भी देखने मिल रहे हैं। इस पहल के जरिये शिक्षक पटेल का एक और विद्यार्थी हित से जुड़ा काम किया जा रहा है। वे तम्बाकू, गुटखा, धूम्रपान, नशा युक्त पदार्थों के सेवन आदि को रोकने और इनसे होने वाली घातक बीमारियों से बच्चों के साथ- साथ समुदाय को जागरूक कर रहे हैं। शिक्षक पटेल ने इन घातक पदार्थों को शिक्षण संस्थानों के आसपास बिक्री पर तुरंत प्रतिबंध लगाने, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत साईंखेड़ा, डी.पी. साहू,मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद साईंखेड़ा सहित साईंखेड़ा थाना प्रभारी विजयपाल सिंह राजपूत से मुलाकात की और आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। वही दूसरी ओर शिक्षक पटेल ने आम जनता से भी यह आग्रह किया है कि तम्बाकू गुटखा पाउच बच्चों की पहुंच से दूर रहे और दुकानों पर इन पदार्थों की बिक्री पर प्रतिबंध की आम सहमति भी बने। ग्राम पंचायत सरपंच सचिव और विद्यालय प्रमुख सहित शिक्षक भी इस कार्य में अपनी सहभागिता दें। विद्यार्थियों में पनप रही गुटखा खाने की लत पर चिंता जाहिर करते हुए श्री पटेल ने अधिकारियों को बताया कि तम्बाकू युक्त पदार्थ सहित ऐसे अन्य माउथ फ्रैस के नाम पर खुले आम बिकने वाले पदार्थों से नयी युवा पीढ़ी व बच्चे बुरी तरह इसकी चपेट में आ रहे हैं। बताया जाता है कि अब तक एजुकेशन एक्सप्रेस के संवाहक हल्के वीर पटेल साईकिल द्वारा बनवारी संकुल अंतर्गत ग्राम -सूखा, धनौरा, देतपौन, खैरी, सासबहु, झिरियामाता, करहैया , पिठवानी, खमरिया, बनवारी आदि गांवों में भ्रमण कर इन गांवों के बच्चों और पालकों में शिक्षा के प्रति अलख जगाने में सफलता प्राप्त कर चुके हैं।

## अक्षत कलश शोभायात्रा के दौरान धर्ममय हुआ गाडरवारा शहर, प्रमुख नेताओं सहित महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रखते हुये लगाये जयश्रीराम में नारे







हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

निश्चित तौर से गाडरवारा शहर के लिये बीते हुये गुरूवार का दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज होने से नही चूक पायेगा..? क्योंकि इस दिन अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर में 3 विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा निमित्त पूजित होकर आये अक्षत कलश का नगर के लोगों को सिर्फ दर्शन करने का सौभाग्य ही नही बल्कि उनका पूजन करने के साथ साथ अपने सिर पर रखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस तरह नगर में निकाली गई अक्षत कलश विशाल शोभायात्रा के चलते जहां संपूर्ण नगर धर्ममय होने से नही चूका तो दूसरी ओर नगर में जहां तहां भगवान जयश्री राम के नारे लगाते हुये सुनाई देने से अयोध्या धाम प्रतीत होने से नही चूक रहा था। इस तरह शहर में निकाली गई विशाल कलश शोभायात्रा नगर के पुरानी गल्ला मंडी से शुभारंभ होकर बडे सराफा बाजार, झंडा चौक से होते हुये पुरानी चौकी से निकलकर चांवडी रोड के बाद महावीर भवन से निकलकर श्याम टाकीज मार्ग से होते हुये पुराना बस स्टेन्ड पहुंचने के बाद पुनः अपने शुभारंभ स्थल पर पहुंचकर यात्रा का समापन हुआ। नगर में निकाली गई इस शोभा यात्रा में नगर के प्रथम नागरिक नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा के आलवा सैकड़ो महिलाये जहां अपने सिर पर कलश लेकर चल रही थी तो दूसरी ओर पूर्णरूप से सुसज्जित रथों में अपने संत मुनि विराजमान होकर चल रहे थें। इस तरह नगर में निकाली गई इस अक्षत कलश शोभायात्रा में शामिल कलशों के साथ साथ संत मुनियों को जहां तहां लोगों द्वारा पूजन अर्चन करते हुये आर्शीवाद ग्रहण किया गया तो दूसरी ओर नगर की सड़को पर लगते हुये भगवान जयश्री राम के नारों से गुंजयमान होने से नही चूक पा रही थी।



## कथा चौथी से लेकर कक्षा आठवी तक की अर्धवार्षिक परीक्षाएं हुई

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

निश्चित तौर से जब बच्चे परीक्षा शब्द को सुनते है तो उनके दिलों में भय जैसा महौल निर्मित होने से नही चूकता है मगर यह परीक्षा उन बच्चों को निष्ठावान बनाने के साथ साथ कुशल बनाने से नही चूकती है। इसी के चलते बीते हुये बुधवार से क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों मे कक्षा 4 से लेकर कक्षा 8 वी तक की कक्षाओ की अर्धवार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हो गई । इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कक्षा चौथी एवं पांचवी की अर्धवार्षिक परीक्षाएं सुबह 10 बजे से 12:30 बजे तक एवं कक्षा 6 से 8 वी की परीक्षाएं दोपहर 2:00 से प्रारंभ होकर शाम 4:30 बजे तक की अवधि में निर्धारित समय सारिणी में आयोजित होती है । अर्धवार्षिक परीक्षा में राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अंतर्गत ही प्रश्न ढाई घंटे के प्रश्नपत्र में दिए जा रहे है। परीक्षा के पहले दिन 4 से 8 वी कक्षाओ में हिंदी एवं दूसरे दिन बीते गुरुवार को गणित विषय के प्रश्नपत्र छात्र छात्राओं ने हल किए। परीक्षा का निरीक्षण भी निरीक्षणकर्ताओं द्वारा सतत रूप से किया जा रहा है। वही 28 दिसंबर को अर्धवार्षिक परीक्षा समाप्त होगी। विदित हो कि विभिन्न समीक्षा बैठकों में जिला परियोजना समन्वयक डॉ आर पी चतुर्वेदी द्वारा सभी बीआरसी एवम समस्त प्रधानपाठको को अर्धवार्षिक परीक्षाओ के पहले पाठ्यक्रम पूर्ण कराने के निर्देश पहले ही दिए जा चुके थे ।

## श्री संत तारण तरण जयंती पर हुये अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। स्थानीय श्री दिगम्बर जैन समाज के 16 वी शताब्दी के महान संत आचार्य प्रवर श्री तारण तरण जयंती के अवसर पर बीते हुये दिवस श्री तारण तरण दिगम्बर जैन चैत्यालय जी में वीरश्री महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बताया जात है कि इन कार्यक्रमों में सर्वप्रथम गुरुमहाराज द्वारा रचित चौदह ग्रन्थों के मंगलाचरण का वाचन श्रीमती दर्शना जैन, श्रीमती अंजू जैन, श्रीमती पूनम जैन द्वारा किया गया। वही मंगलाचरण के पश्चात महावीर स्त्रोत श्रीमती अंजू जैन द्वारा पढ़ा गया तथा श्रीमती दर्शना जैन, श्रीमती रागनी(पिंकी)जैन,श्रीमती भारती जैन,श्रीमती सीमा जैन द्वारा भजन नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। इसी प्रकार से श्रीमती प्रिया जैन एवं श्रीमती अर्चना जैन द्वारा चवँर नृत्य प्रस्तुत किया गया। बताया जाता है कि इस अवसर पर संत श्रोमणि तारण स्वामी का जीवन परिचय संध्या रानी द्वारा दिया गया। वही दूसरी ओर श्रीमती राशि जैन एवं श्रीमती स्मिता जैन द्वारा आरती नृत्य प्रस्तुत किया गया तो श्रीमती शैली जैन द्वारा श्री तारण स्रोत का वाचन किया गया तथा श्रीमती माया जैन एवं श्रीमती संगीता जैन द्वारा भजन गाये गये,श्रीमती मोनिका जैन, श्रीमती पल्लवी जैन, श्रीमती मिली जैन, श्रीमती सुरभि(चिंकी) जैन द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। श्रीमती साधना जैन एवं श्रीमती रीना जैन द्वारा जयमाल का वाचन किया गया व मास्टर अवयुक्त जैन द्वारा फेंसी ड्रेस पहनकर प्रस्तुति दी गई।

**खबर संक्षेप**

## पीएम फसल बीमा योजनातंर्गत 31 दिसंबर तक फसलों का बीमा

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत खरगोन जिले में एचडीएफसी एग्रो जनरल इंश्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड के माध्यम से किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना के तहत रबी वर्ष 2023-24 सीजन के लिये सभी ऋणी एवं अऋणी किसान 31 दिसंबर 2023 तक फसल बीमा करा सकते हैं। कृषि उप संचालक एमएल चैहान से प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना अंतर्गत जिला स्तर पर मसूर, तहसील स्तर पर अलसी, पटवारी हल्का स्तर पर गेहूं, चना एवं सरसों की फसल को अधिसूचित किया गया है। उनके प्रीमियम एवं बीमित राशि प्रति हेक्टेयर अनुसार दर निर्धारित की गई है।

**भाजपा की जीत पर शहपुरा क्षेत्र की जनता का जताया आभार**

# पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह अल्प प्रवास पर पहुंचे शहपुरा कार्यकर्ताओं सहित आमजनों ने किया जोरदार स्वागत

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** गुरुवार दोपहर को अमरकंटक प्रवास पर जाते समय तय कार्यक्रम के तहत मप्र की बहनों के भाई व भांजे भांजियों के मामा चिरपरिचित पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान का शाहपुरा नगर आगमन व अल्पप्रवास हुआ जहाँ वे अपनी धर्मपत्नी साधना सिंह चैहान के साथ शहर के स्थानीय रेस्ट हाउस पहुँचे उन्होंने रेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं और लाडली बहनों से मुलाकात की और प्रसन्नता व्यक्त की व भाजपा की जीत पर शहपुरा क्षेत्र की जनता का आभार जताया जहाँ उनका फूल मालाओं व शाल श्रीफल से जोरदार आत्मीय स्वागत किया गया। तो वहीं शहपुरा को जिला बनाने की वर्षों पुरानी बहुप्रतीक्षित मांग को



**शाहपुरा जिला बनाने की मांग को लेकर संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन**

लेकर शहपुरा जिला बनाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष भीमशंकर साहू, संयोजक सत्यम पाठक सहित पदाधिकारियों ने भी भारी संख्या में पहुंचकर एक्स सीएम शिवराज को ज्ञापन सौंपा। सीएम शिवराज सिंह चैहान ने अपने वक्तव्य में कहा कि जिस तरह शाहपुरा की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को अपना आशीर्वाद और प्रेम दिया है भारी बहुमत से विजयी बनाया है। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे नए मुख्यमंत्री शाहपुरा के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे मैं हमेशा मध्य प्रदेश की जनता के लिए काम करता रहूंगा पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए एक कार्यकर्ता व जनता के लिए भाई और मामा के दायित्व का निर्वहन करता रहूंगा। मेरा जीवन एक मिशन है मैं हमेशा अपनी जनता से प्यार करता रहूंगा और हमेशा सभी के लिए हमेशा उपलब्ध रहूंगा । इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम गुप्ता , विष्णु अवधिया , मंडल अध्यक्ष घनश्याम कछवाहा , जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो , नगर परिषद उपाध्यक्ष मुकेश साहू , राजेश साहू , मुकेश गुप्ता , संतोष झारिया , अरविंद श्रीवास्तव , गिरजा कारपेंटर , सुमन साहू समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता व बहनें और भांजे-भांजियाँ उपस्थित रहे।

# कड़ाके की ठंड में भी नहीं जलवाए जा रहे नगर में अलाव

### जिम्मेदार दे रहे गोलमोल जवाब

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** इन दिनों ठंड जोरों पर है। इससे बचाव के लिए लोग विभिन्न जतन कर रहे हैं। 10-12 दिनों से सर्दी के प्रकोप से जहां सुबह व रात का पारा काफी नीचे आ गया है वहीं दिन का तापमान भी 15 डिग्री तक आ पहुंचा है। इन सर्द हवाओं व कंपकंपा देने वाली ठंड से बचाव के लिए अभी तक नगर प्रशासन ने नगर में कहीं भी अलाव जलाने की व्यवस्था नहीं की है। जबकि शासन को ठंड शुरू होते ही अलाव की व्यवस्था करनी चाहिए।

**कूड़ा-करकट जला रहे हैं लोग-**

नगर परिषद शहपुरा द्वारा नगर में अलाव जलाने के लिए कहीं भी लकडियों का इंतजाम नहीं किया है। इस कारण लोग अपने स्तर पर कूड़ा-करकट बीनकर अलाव जलाकर सर्दी से बचने के जतन कर रहे हैं। इसमें लोग प्लास्टिक तक जला रहे हैं, जो पर्यावरण में जहरीला धुआं छोड़ रही है। कुछ स्थानों पर बेकार पड़े टायरों को भी जलाकर ठंड भगाई जा रही है जो बदबू के साथ पर्यावरण पर विपरीत असर डाल रहे हैं।



**प्रतिवर्ष जलाए जाते हैं सरकारी अलाव-**

नगर परिषद द्वारा ठंड के जोर पकड़ते ही नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जाती है। इसमें मुख्य चैराहों, गरीब बस्तियों, अस्पताल, बस स्टैंड आदि स्थानों पर शासकीय अलाव जलाए जाते हैं। इससे अधिक से अधिक लोग इसका फायदा उठा सके। इस बार तापमान में अधिक गिरावट होने के बाद भी यह व्यवस्था अभी तक नहीं हो सकी है।

**कोहरे और ठंड से प्रभावित हो रहा जनजीवन-**

क्षेत्र में 10- 12 दिनों से कोहरे और ठंड से जनजीवन प्रभावित हो गया है। ठंड के कारण लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया है। गुरूवार को 8 दिन के बाद सूर्य के दर्शन हुए। इसके बाद भी दिनभर ठिठुरन रही। इस कारण लोगों को दिन में भी अलाव का सहारा लेना पड़ा। ठंड के मौसम में नए बस स्टैंड पर स्थित दो प्रतीक्षालयों में बाहर के यात्री ठिठुरते रहते हैं। अस्पताल में मरीजों के साथ आए लोगों को रहने की व्यवस्था नहीं होने से उन्हें ऐसी ठंड में भी आसमान के नीचे सोना पड़ता है। इन स्थानों पर लकड़ी की व्यवस्था नहीं होने से अलाव नहीं जल रहे हैं।

**'नगर परिषद के अधिकारी दे रहे गोलमोल जवाब'-**

शहपुरा नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी से जब इस विषय में बात की गई तो उनके द्वारा गोल-गोल जवाब देते हुए कहां गया कि हमने कर्मचारियों को अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दे दिए हैं। वही जिस कर्मचारी का नाम सीएमओ ने बताया था उनसे बात करने पर उनके द्वारा भी गोल-गोल जवाब दिया गया।

# पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का हुआ डिण्डौरी आगमन



**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान मॉ नर्मदा के पावन तट अमरकंटक के यात्रा पर निकले जहॉ, शहपुरा मे मण्डल अध्यक्ष घनश्याम कछवाहा एवं भाजपा पदाधिकारीगण बिछिया मे भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोहर सोनी व भाजपा पदाधिकारियो ने भव्य स्वागत किया। काफिला शहपुरा से विक्रमपुर, शाहपुर होते हुए जोगीटिकारिया पहुँची जहॉ भाजपा जिलाध्यक्ष अवधराज बिलैया के नेतृत्व मे समस्त भाजपा पदाधिकारियो ने एक एक कर उनका आत्मीय स्वागत किया। स्वागत क्रम के पश्चात शिवराज सिंह चैहान ने मॉ. नर्मदा जी के तट पर पूजन अर्चन के साथ आरती किया एवं मॉ नर्मदा से प्रदेशवासियो की खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात डिण्डौरी के दीदी कैफे मे भाजपा पदाधिकारियो के साथ भोजन कर गाड़ासरई, करंजिया होते हुए अमरकंटक के लिए प्रस्थान कर गये। इस दौरान जोगीटिकारिया मे भाजपा जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया, अजजा मोर्चा प्रदेश महामंत्री पंकज सिंह तेकाम, जिला उपाध्यक्ष मनोहर सिंह ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योतिप्रकाश धुर्वे, जिला मंत्री कीर्ति गुप्ता, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, जिला मीडिया प्रभारी सुधीरदत्त तिवारी, जिला कार्यालय मंत्री पुनीत जैन, मण्डल अध्यक्ष कृष्णकुमार मिश्रा, हेमसिंह राजपूत, सुशील राय, पवन शर्मा, गजेन्द्र करचाम, चन्द्रशेखर नायक, धुव्र पटेल, स्कंद चैकसे, राज साहू, राजेन्द्र बर्मन, प्रदीप द्विवेदी, भागीरथ उरैती, आशीष सोनी, राहुल पाण्डेय, अविनाश सिंह सैनी, अनिल साहू, पवन पाराशर, प्रशांत मिश्रा, सहित भाजपा पदाधिकारीगण मौजूद रहें।

**जगह जगह कार्यकर्ताओं ने किया आत्मीय स्वागत**

## विकसित भारत संकल्प यात्रा बसनिया और नारायणडीह पहुंची संकल्प यात्रा कार्यक्रम में हितग्राहियों ने साझा किये अपने अनुभव

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ''मेरी कहानी मेरी जुबानी'' अंतर्गत लाभर्थियों द्वारा अपने-अपने अनुभव साझा किये जा रहे हैं। शासन के निर्देशानुसार जिले में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर विकास के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी नागरिकों के बीच पहुँचकर उपलब्ध कराई जा रही है। आयोजित कार्यक्रमों में शिविर लगाकर योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आवेदन लिये जा रहे हैं, वहीं स्वास्थ्य कैंप के माध्यम से उपचार भी दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज ग्राम बसनिया एवं नारायनडीह में केन्द्रीय राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, राजेन्द्र पाठक विकास यात्रा सदस्य, पूर्व विधायक दुलीचंद उरैती, महेश धुमकेती जिला अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति, लक्ष्मण सिंह मण्डल अध्यक्ष




डिंडौरी, संदीप तेकाम, जयसिंह मरावी एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे। जहां पर सांसद श्री कुलस्ते ने जनमानस को केन्द्र सरकार द्वारा दी जाने वाली योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी और जो ग्राम क्षेत्र में योजना से वंचित हैं उन्हें आवेदन भरवाकर पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास, उज्जवला योजना, लाडली बहना, लाडली बेटी, सुकन्या योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ योजनाओं से लाभान्वित यशोदा बाई एवं सहबिन बाई को उज्जवला योजना के गैस कनेक्शन प्रदाय किया गया। एवं लाडली लक्ष्मी योजना के स्वीकृति आदेश प्रदाय किये गए। अंत में श्री कुलस्ते ने अपने उदबोधन में विकसित भारत संकल्प यात्रा 16 दिसंबर 26 जनवरी 2024 तक संचालित रहेगी जिसमें प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी संबंधी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। आपके ग्राम नारायनडीह पंचायत की जनसंख्या 2211 है जिसमें से 1771 आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। लाडली बहना के 121, मातृ वंदना के 125 , पेंशन के 15, पीएम आवास 195 आदि को लाभान्वित किया जा चुका है। शेष बचे हितग्राहियों को पुनः लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही जिला चिकित्सालय उपचार सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सीटी स्कैन मेरे सहयोग से स्थापित किया गया है। आज भारत देश विकास की ओर बढ रहा है डेढ करोड जनता में से 100 करोड लोग डिजीटल मोबाइल का उपयोग कर रहे हैं। टिकरी पिपरी डेम, तालाब से नहर की मांग को देखते हुए सीईओ जिला पंचायत को परीक्षण कर नहर तैयार करने के निर्देश दिए हैं। अंत में संकल्प यात्रा में शामिल आम जनता एवं अन्य को ''हमारा संकल्प विकसित भारत की प्रतिज्ञा लेता हूंध लेती हूं'' की शपथ दिलाई गई।

# केन्द्र सरकार की योजनाओं से समाज के अंतिम व्यक्ति तक को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें: केन्द्रीय राज्यमंत्री

**-मांस और मछली के खुले मे विक्रय पर लगा प्रतिबंध**

**-कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई जिला विकास एवं समन्वय समिति (दिशा) की बैठक**



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप जनहित और जनकल्याण के लिए आरंभ की गई यात्रा का क्रियान्वयन मोदी की गारंटी की साख और गरिमा के अनुरूप हो। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं लाभों और सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा संचालित की जा रही है। प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों विशेष तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना योजनाओं का प्रचार, प्रसार और जागरूकता लाभार्थियों के अनुभव साझा करना और संभावित लाभार्थियों का चयन तथा नामांकन सुनिश्चित करना यात्रा का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि मांस और मछली के खुले मे विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है इस हेतु विक्रेताओं के लिए पृथक से व्यवस्था की जाए। बिक्री हेतु भवन निर्माण तक के लिए निर्धारित स्थान मं् अस्थायी शेड व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित किया जाए। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने आज गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला विकास एवं समन्वय समिति (दिशा) की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योति प्रकाश धुर्वे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सारिका नायक, भाजपा जिला अध्यक्ष अवधराज बिलैया, कलेक्टर विकास मिश्रा, डीएफओ साहिल गर्ग, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री विमलेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे।

केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि काष्ठ विदोहन एवं परिवहन की जानकारी ली, उन्होंने उत्पादन वनमंडल की समीक्षा करते हुए बजट आवंटन एवं व्यय की समीक्षा की। विगत पांच वर्षों में राजस्व लक्ष्य एवं प्राप्ति पर तुलनात्मक चर्चा की गई। वर्ष 2023 में जिले में किये गए पौधरोपण के संबंध में चर्चा करते हुए 2023-24 में वृक्षारोपण हेतु चयनित स्थलों की क्षेत्रवार तैयारियों की जानकारी ली। फग्गन सिंह कुलस्ते ने भू-क्षरण योजनान्तर्गत बोल्डर चेक डेम निर्माण कार्य, मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना 2023 अंतर्गत वितरित की गई सामग्री जैसे-जूता चप्पल, साड़ी एवं पानी की बॉटल प्रदाय की जाने वाली संख्याओं के बारे में जाना। उन्होंने कृष्णमृग संरक्षित क्षेत्र में स्टापडेम विस्तारीकरण की समीक्षा की। वर्ष 2023-24 में समितियों से चयनित कृषकों के द्वारा रोपित बांस के पौधों, पेसा एक्ट 2022 अंतर्गत ग्राम सभा को तेन्दुपत्ता संग्रहण व भुगतान की जानकारी ली।

फग्गन सिंह कुलस्ते ने अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम 2006 के तहत वर्ष 2023 में जारी किए गए स्वीकृत प्रकरणों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने इसके बाद जलजीवन मिशन अंतर्गत जिले में स्वीकृत योजनाओं की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की, विकासखंडवार जलजीवन मिशन अंतर्गत डिंडौरी, अमरपुर, समनापुर, बजाग, करंजिया, शहपुरा और मेंहदवानी में योजना में शामिल किए जाने वाले ग्रामों की संख्या, प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त ग्राम, योजना की स्वीकृत राशि तथा शत प्रतिशत भौतिक रूप से पूर्ण ग्रामों की संख्या, कार्यों की प्रगति, पूर्ण योजनाओं का हस्तांतरण के बारे चर्चा करते हुए योजनांतर्गत अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोरोना के नए वेरिएंट की सूचना प्राप्त होने लगे हैं डिंडौरी जिले के जिला चिकित्सालय एवं विकासखंड स्तर पर उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर कोरोना के बचाव हेतु आवश्यक सावधानियां एवं मेडीसिन, भवन एवं पलंग की तैयारियां रखें।

केन्द्रीय राज्यमंत्री ने जिले की स्वास्थ्य समस्याओं की विकासखंडवार सामान्य जानकारी ली। जिसमें डीबीटी डैशबोर्ड, निक्षय मित्र, सिकल सेल, एनीमिया नियंत्रण मिशन एवं दस्तक अभियान की समीक्षा की। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर ढंग से लोंगो तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। तत्पश्चात उन्होंने बैठक में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण के अंतर्गत धान उपार्जन, उठाव परिवहन तथा खरीदी के विरूद्ध देय राशि के बारे में जानकारी ली। फग्गन सिंह कुलस्ते ने इसी प्रकार से जनजाति कार्य विभाग के अंतर्गत स्कूल भवन निर्माण कार्य , अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, छात्रावास भवन, सीएम राइज स्कूल भवन निर्माण, महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत आंगनवाडी भवन निर्माण, राजस्व विभाग, ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा संभाग, आजीविका मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम, मनरेगा कार्य, जल अभिसेकम योजना, अमृत सरोवर निर्माण कार्य, सिंचाई विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, नन्दीशाला योजना, आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना की विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक निर्देश भी दिये हैं।

# पत्रकार को धमकी देने के मामले में करेली पुलिस ने स्वीकारी गलती

## एसपी ने बताया आरोपी पर जिला बदर की कार्रवाई

### सटोरिये पर 7 प्रकरण है दर्ज

बीते दिवस पत्रकार को जान से मारने की धमकी के बाद करेली पुलिस द्वारा मामला पंजीबद्ध ना करना कई संदेहो को जन्म दे रहा है । करेली पुलिस की सांठगांठ के कारण ही सटोरियों व अन्य अवैध कार्य करने वालो के हौसले बुलंद है।




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

सट्टे के समाचार प्रकाशन को लेकर सटोरियें द्वारा पत्रकार के घर पर जाकर जान से मारने की धमकी दी तथा अभद्र शब्दों का प्रयोग किया । उक्त मामले को लेकर करेली थाना प्रभारी गंभीर नजर नही आये । एस पी ज्ञापन दिये जाने के बाद थाना करेली मे मामला पंजीबंद्ध किया गया जो कि सोचनीय विषय है ।

### मामला इस प्रकार

सोमवार को करेली निवासी अधिमान्य पत्रकार भागीरथ तिवारी को जान से मारने की धमकी सटोरियों द्वारा घर पर आकर दी । जिसकी सूचना थाना करेली मे दी गई उसके उपरांत थाने से आरक्षक पहुंचा उसके उपरांत सटोरियें द्वारा फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई । यह बात आरक्षक द्वारा भी सुनी गई उसके उपरांत पत्रकार थाने पहुंचा करेली थाना प्रभारी द्वारा लिखित आवेदन लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया । जबकि उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुये थाना प्रभारी को तुरंत मामला पंजीबद्ध कर सटोरियों को दबिश देकर गिरफ्तार किया जा सकता था ।

### एस पी को ज्ञापन देने के बाद हरकत मे आई पुलिस

उक्त मामले को लेकर जिला स्तर पर पत्रकारों द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा गया जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया एंव डी एस पी मोनिका तिवारी को करेली भेजकर मामला पंजीबद्ध कराया । करेली पुलिस की हीलाहवाली से पत्रकार पर जान का खतरा भी बन सकती थी । उक्त मामले से प्रतीत होता है कि करेली थाना प्रभारी की नगर के सभी सटोरियों से कड़ी सांठगांठ है जिस कारण से मामला पंजीबद्ध कराने मे हीलाहवाली की जा रही थी । यदि पत्रकारों द्वारा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन नही दिया जाता तो करेली पुलिस हरकत मे नही आती और ना ही मामला पंजीबद्ध किया जाता ।

### सटोरिया है आदतन अपराधी

करेली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सटोरिया मिंटू खटीक आदतन अपराधी है जिस पर थाना करेली मे लगभग 7-8 मामले पंजीबद्ध है। अब विचारणीय यह कि पुलिस को जानकारी थी कि मिंटू खटीक आदतन अपराधी है तो पुलिस द्वारा तुरंत मामला पंजीबद्ध कर गिरफ्तार क्यों नही किया गया । सटोरिये से पुलिस का क्या संबंध है । पुलिस द्वारा मामले मे प्रकरण दर्ज ना करना कई सवालों को जन्म दे रहा था या फिर इस विचार मे थी कि सटोरिया अपनी धमकी पूरी कर ले उसके बाद कार्रवाई की जावेगी। उक्त मामले के बाद थाना प्रभारी करेली की कार्यप्रणाली पर संदेह उत्पन्न होता है। पुलिस अधीक्षक को चाहिये की उक्त कार्रवाई में हीलाहवाली करने वाले जिम्मेदार कर्मचारियों की जांच कर ठोस कार्रवाई की जावे ।

### वीट प्रभारियों की कार्यप्रणाली पर भी संदेह

उक्त मामले की जानकारी वीट प्रभारियों को भी है तथा सोमवारा बाजार करेली मे धड़ल्ले से सट्टे का अवैध कारोवार जारी है । जानकारी होने के बाद भी कार्रवाई ना करना वीट प्रभारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े करता है । थाना प्रभारी करेली द्वारा बताया गया कि सोमवारा बाजार क्षेत्र के वीट प्रभारी एस आई मुस्ताख खान, ओ पी मालवीय व ए एस आई संत लाल को नियुक्त किया गया । उक्त वीट के प्रभारियों द्वारा सट्टे के कार्य संचालन पर कोई कार्रवाई नही की गई जिससे प्रतीत होता है कि उक्त सटोरिये से वीट प्रभारियों की भी मिली भगत हो सकती है । पुलिस को चाहिये कि सभी की जांच कर उचित कार्रवाई की जावे ।

### इनका कहना है

उक्त मामले के संबंध मे ज्ञापन दिया गया था जिस पर कार्रवाई करते हुये मामला पंजीबद्ध कर दिया गया है आरोपी पर जिला बदर की कार्रवाई जारी है थाना हाजिर होने के लिये कहा गया ।

**अमित सिंह , एस पी नरसिंहपुर**

उक्त मामले मे चूक हुई है लिखित आवेदन लेने के अपेक्षा तुरंत प्रकरण पंजीबद्ध किया जाना उचित था । आरोपी के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया जा चुका है जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जावेगा । सट्टे के विरूद्ध निरंतर कार्रवाई जारी है ।

**आशीष धुर्वे,**
**थाना प्रभारी करेली**

# परीक्षा परिणाम बेहतर बनाने पर रहें फोकस : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।



कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में स्कूल शिक्षा विभाग की गतिविधियों के संबंध में समीक्षा बैठक गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में परीक्षा परिणाम में सुधार लाने के लिए कार्य योजना पर चर्चा की गई। एफएलएन समीक्षा कर माह जनवरी में होने वाले मिडलाईन टेस्ट में राज्य द्वारा निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया। इसके लिए एफएलएन की विशेष मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिये। कक्षा 5 वीं तथा 8 वीं की वार्षिक परीक्षा की तैयारी के लिए प्रतिदिन एक घंटे की अतिरिक्त कक्षायें संचालित करने और वीडियो कॉल के माध्यम से मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिये। यू-ट्यूब लिंक के माध्यम से कठिन बिन्दुओं के शिक्षण के लिए शिक्षकों को टेबलेट के उपयोग करने के संबंध में निर्देश दिये। जिला अधिकारियों के माध्यम से औचक निरीक्षण कर शालाओं की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा करने के निर्देश दिये। आईसीटी व स्मार्ट क्लास स्थापित विद्यालयों में विद्यार्थियों के उपयोग में लाये जाने के लिए निर्देशित किया। कक्षा 10 वीं तथा 12 वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणामों में सुधार के लिए विद्यालयों में साप्ताहिक टेस्ट आयोजित करने के निर्देश दिये। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि संकुल अंतर्गत प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं में पोस्ट ग्रेज्युएट शिक्षक उपलब्ध होने पर विषय शिक्षकों की कमी वाले विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था की जा सकती है। पिछले वर्ष जिन विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है, उनके मोटीवेशनल वीडियो बनाये जायें तथा विद्यार्थियों को दिखाये जायें, जिससे बच्चों में शिक्षा में रूचि जागृत हो सके। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक, जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केन्द्र नरसिंहपुर, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान (सेकेण्डरी एज्यूकेशन) नरसिंहपुर, योजना अधिकारी, समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, एपीसी, समस्त विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, बीएसी, निपुण प्रोफेशनल, सहायक यंत्री, जिला शिक्षा केन्द्र और अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# दिव्यांग विद्यालय के शिक्षकों-बच्चों का किया सम्मान

**करेली।** गत दिवस दीनबंधु महिला मंड़ल द्वारा समाज को प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन होटल जीएस इन में आयोजित किसा गया। जिसमे पूरे महर्षि विकास, विकलांग सेवा संस्थान नरसिंहपुर का सम्मान किया गया जिसमे मानसिक दिव्यांग बच्चों सहित स्कूल के सभी शिक्षकों, प्रबंधक आनन्द दुबे, प्राचार्य श्रीमति लावण्या राजमणि दुबे को सम्मानित किया गया। इस मौके पर नगर के पत्रकार जितेन्द्र गुप्ता भी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। महर्षि विकास, विकलांग सेवा संस्थान सन 2007 से दिव्यांग विद्यालय का संचालन रानीलक्ष्मी बाई वार्ड, रेवानगर कालोनी, नरसिंहपुर म.प्र. में कर रही है। इस अवसर पर प्रबंधक आनन्द दुबे ने अपने अनुभव सांझा करते हुए बताया कि हमें बच्चों की एक्टिविटी समझने में ही अनेक माह लग जाते है कार्य कठिन है पर मन में जज्बा है इस कारण हो जाता है बडे गौरव की बात है कि हमारे विद्यालय की छात्रा ने नेशनल स्तर पर प्रतिनिधित्व किया है यह टीम वर्क है जिसमें जिसके सामने जो कार्य आता है वो संपादित कर देता है। हम बच्चों को आत्म निर्भर बनाने वाले कार्य भी सिखाते है। प्राचार्य श्रीमति लावण्या राजमणि दुबे ने कहा कि यह अत्यंत खुशी की बात है कि दीनबंधु ग्रुप ने हमें हमारे बच्चों सहित आमंत्रित किया हमकों तो बहुत लोग बुलाते है पर यह पहली बार है कि आपने तो पूरे स्कूल को बुलाकर सम्मान दिया है। आपने खुद देखा है कि 2 घंटे से सारे बच्चें कितने अनुशासित तरीके से बैठे है। कार्यक्रम में मंडल की संस्थापक सदस्य अनीता नेमा ने कहा कि हम सभी का प्रयास रहता है समाज क्षेत्र में कार्य करने वालों को हम सम्मानित करें। कार्यक्रम का संचालन ज्योति कठल ने किया।



# सड़कों के उन्नयन कार्य बेहतर एवं व्यवस्थित ढंग से पूर्ण करें : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

जिले में नगरीय निकायों के कार्यो की समीक्षा कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उपयंत्री, एमपीयूडीसी जबलपुर संभाग के अधिकारी और अन्य अधिकारी मौजूद थे। समीक्षा के दौरान नगरीय निकाय नरसिंहपुर, सांईखेडा, चीचली में चल रहे एमपीयूडीसी के अंतर्गत सीवरेज एवं वॉटर सप्लाई के संबंध में जानकारी पर समीक्षा की। एमपीयूडीसी द्वारा नगरीय निकाय नरसिंहपुर में चल रहे सीवरेज के कार्य में रोड खुदाई के दौरान रोड मरम्मत का कार्य ठीक से करने के निर्देश दिए। एमपीयूडीसी को निर्देशित किया गया कि शहर में सीवरेज लाईन के दौरान कार्य करने से पहले संबंधित रोड एजेंसी से अनुमति लेनी होगी। वार्डों में डाली गई लाईन में मेन होल एवं चेंबर के लेवल वर्तमान रोड के लेवल से ऊपर या नीचे कर दिये गये हैं, जिसे पूर्व की भॉंति विद्यमान सडक के लेबल में किया जाना सुनिश्चित करें। कायाकल्प योजना के अंतर्गत नरसिंह तालाब वाली रोड का कार्य किया जा रहा है, उसे अतिशीघ्र पूर्ण करायें। नगरपालिका द्वारा जिन स्थानों पर सड़क निर्माण कार्य प्रस्तावित व प्रचलित है, उन स्थानों के पाईप लाईन, चेम्बर, हाउस कनेक्शन चेम्बर आदि कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने गांधी चौराहा से नर्सिंग कालेज तक रोड तत्काल सुधार कर चालू कराने के निर्देश दिये। एमपीयूडीसी के अंतर्गत जहां रोड का कार्य किया जा रहा है, उसकी गुणवत्ता की जांच पीडब्ल्युडी से कराने के लिए कहा। सालीचौका व सांईखेडा नगरपरिषद में वॉटर सप्लाई योजना द्वारा खोदी गई सड़कों के रेस्टोरेशन और हाउस कनेक्शन जल्दी पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। नगरीय निकायों में सीवरेज कार्य एवं वाटर सप्लाई तथा एसटीपी के जो कार्य चल रहे हैं मुख्य नगरपालिका अधिकारी उनकी निरंतर मॉनिटरिंग कर इसकी जानकारी भेजेंगे। कलेक्टर ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी सांईखेडा को निर्देशित किया कि सांईखेडा नगरपरिषद में एनजीटी के निर्देशानुसार सीवरेज का पानी व्यवस्थित रूप से एसटीपी में ही जाये। जितने भी तालाब के पास के अतिक्रमण हटाये हैं, उन सभी मकानों के सीवरेज का पानी तालाब में न जाये। इसके लिए सभी मकानों के सीवरेज पाईप लाईन डाली जाये और सीवरेज कनेक्शन किये जाये।जिन नगरीय निकायों में रोड का कार्य चल रहा है, उसकी गुणवत्ता भी देखें।पीएमजीएसवाय विभाग से टेस्टिंग करायें। रोड का बेस अच्छा हो, जिससे बारिस का पानी का कहीं जमा न हो। मुख्यमंत्री अद्योसंरचना योजना के अंतर्गत नगरीय निकायों में चल रहे कार्यो को मार्च- 2024 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये। नगरीय निकायों में मांस- मछली विक्रय करने वाली दुकानों को व्यवस्थित स्थानों पर लगवायें। दुकानें सड़क के बाहर तक नहीं हो, उन पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी, तहसीलदार, यातायात पुलिस संयुक्त रूप से कार्यवाही करें।

# केक काटकर मनाई 113वां स्थापना दिवस




**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा सागौनी तेंदूखेड़ा के द्वारा अपना 113 वां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से केक काटकर ग्राहकों एवं बैंक प्रबंधन की उपस्थिति में मनाई गई।इस मौके पर शाखा प्रबंधक शहाजी कुम्भार ने बताया कि 5.6करोड सक्रिय ग्राहकों का एक विश्वसनीय संस्थान बन गया है। ग्राहकों को हर संभव मदद के साथ सुविधा की दृष्टि से सदैव तत्पर बना हुआ है।इस मौके पर शाखा प्रबंधक श्री शहाजी कुम्भार ,कृषि वित्त अधिकारी अनुराग बसेड़िया ,सहायक प्रबंधक छाया चौरसिया एकल खिड़की परिचालक शीलम कुलपारिया ,मनोज पवार के साथ साथ सुनील रपरया, विमलकांत पुरोहित,मयंक जैन,पंकज तिवारी, चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, पुरुषोत्तम पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्राहक एवं बैंक से व्यवस्थापक उपस्थित थे।

# घोघरा नाला अपनी दुर्दशा पर बहा रहा आंसू, पानी मारने लगा सड़ांध

**तेंदूखेड़ा-** एक तरफ जहां जल संरचनाओं को बढ़ावा देने के साथ जल संरक्षण की दिशा में पुराने जल स्त्रोतों को पुर्नजीवित करने स्थानीय नदी नालों तालाबों के जीर्णोद्धार के प्रयास शासन स्तर पर तो खूब किये गये लेकिन स्थानीय लोगों द्वारा इस विषय को गंभीरता से ना लेने के साथ उचित क्रियान्वयन ना होने की स्थिति में सुधार की दिशा में कोई सार्थक परिणाम नहीं निकल सके हैं। तेंदूखेड़ा मुख्यालय में एक मात्र घोघरा नाला जो कि समीप की पहाड़ियों से निकला हुआ है।जो आज अपने अस्तित्व को बचाने की लड़ाई स्वयं लड़ते हुए अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। स्थिति यह हो गई है कि इस नाले में लोगों ने अपने अपने घरों के निस्तार का पानी और सार्वजनिक नालियों का पानी भी इसी नाले में डालने के कारण नाले का पानी सड़ांध ही मारने लगा है। इस नाले के उद्धार को लेकर लगभग डेढ़ दशक पूर्व प्रयास तो खूब हुये लेकिन कागजों तक ही सीमित रहने के कारण इसका वास्तविक स्वरूप नहीं बदल पाया।







**'नाले में फेंका जाता है घरों का कचरा'-** लोगों की लापरवाही कहें या जल स्त्रोतों के संरक्षण के प्रति निष्क्रियता या प्रशासनिक अक्षमता घरों से निकलने वाला कूड़ा कचड़ा साफ सफाई करके सीधे इस नाले में ही डालने के कारण इसका स्वरूप और पानी खराब होने के कारण लोगों ने ध्यान देना ही बंद कर दिया।इस नाले में मिलने वाले एक और स्थानीय नाला जो ऊपर मंडी तरफ से पाल मुहल्ला होते हुए हिंदी स्कूल के पीछे तरफ से जाकर सीधे इस घोघरा नाले में मिलता है, में घरों का कचड़ा लोग सीधे फेंक दिया करते है। जिससे गंदगी और मच्छर दोनों ही पनपते हैं।

**'कंटेनरों में नहीं डालते कचड़ा'-** स्वच्छता अभियान के तहत नगर में साफ सफाई के साथ जगह जगह कंटेनर भी रखे गये हैं।साथ ही दिन में दो बार कचड़ा बाहन भी विभिन्न वार्डों में कचड़ा संग्रहण हेतु निकलते भी हैं। लेकिन अभी भी कुछ लोगों में जागृति का अभाव कहें या निष्क्रियता मानें घरों की साफ सफाई का कचड़ा पालीथिन में भरकर नालियों में फेंकने या फिर कंटेनरों में ना डालकर नीचे डाल देने से गंदगी फैलाने वाले जानवरों द्वारा उसे भी फैला दिये जाने से गंदगी को बढ़ा दिया जाता है।समय समय पर स्वच्छता अभियान को निकलने वाली जन जागरण रैलियां भी इनके सामने बेअसर नजर आ रही है।

**'जमीनी जल स्तर बढ़ाने की दिशा में नहीं हो रही सार्थक पहल'-** क्षेत्रीय नदियों पर स्टाप डेम बनाये जाने की मांग के साथ बरसात के बहते हुए पानी को रोककर बाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के तहत शोक पिट गड्ढों में पानी डालने सहित विभिन्न प्रकार के प्रयोग और प्रयासों को जनमानस के बीच रखा तो गया लेकिन जब से तेंदूखेड़ा में नर्मदा जल आना प्रारंभ हुआ है तब से लोग निश्चिंत से हो गये हैं। जमीनी जल स्तर बढ़ाने की दिशा में कोई सार्थक पहल ही नहीं देखने मिल रही है। नर्मदा नदी से आने वाले पानी का दोहन जरुर जमकर हो रहा है, हजारों लीटर पानी बाहन धोनें या फालतू बहा दिया जाता है लेकिन जिस नर्मदा से पानी लाया जाता है उसमें भी पानी बढ़ाने की दिशा में कोई हाथ आगे आते नहीं दिखाई देते हैं। पुराने जल स्त्रोत लगभग अवशेष मात्र ही दिखने लगें हैं। कुछ समय पूर्व इन्हें पुर्नजीवित करने की दिशा में पहल की गई थी लेकिन बाद में वह भी अपने मुकाम तक नहीं पहुंच पाई।

**'नाले को सुंदर स्वरूप देने की जरूरत'-** ऊपर पहाड़ी तरफ से निकलकर आये इस घोघरा नाले को ऊपर से लेकर नीचे तक सुंदर स्वरूप देने के लिए किसी बड़ी योजना की जरूरत है।जिसकी साफ सफाई करके इसे सुंदर स्वरूप दिया जा सकता है।इस नाले में वर्ष भर पानी रहने के साथ जहां आस पास क्षेत्रों के हैंडपंपों में पानी मिलेगा जमीनी जल स्तर भी बढ़ सकेंगा। मवेशियों को भी पीने योग्य पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। गंदगी भी खत्म हो सकेगी लोगों का भी रुझान बढ़ेगा।

**'पुल का निर्माण कार्य अधर में'-** कई दशकों से चली आ रही घोघरा नाले पर पुल निर्माण की मांग जैसे तैसे पूर्ण होने को आई, लाखों रुपए की लागत से इस पुल का निर्माण कार्य शुरू किया गया था लेकिन बीच में बरसात आ जाने काम बंद हो गया था जो अभी तक बंद पड़ा है।यह नाला तेंदूखेड़ा सागौनी की सीमा वार्ड क्रमांक 12और13 को जोड़ने में अपनी महती भूमिका निभाता है। निर्माण कार्य के चलते इस मार्ग से लोगों को आवागमन में परेशानी होना स्वाभाविक है यहां के छोटे-छोटे स्कूली बच्चे रहवासी घूमकर आवागमन कर रहे हैं। यहां तक कि बाहनों की आवाजाही भी बंद पड़ी हुई है। लोगों ने शीघ्र ही काम प्रारंभ होने की मंशा जताई है।

## खबर संक्षेप

### सेंट्रल बैंक द्वारा ग्राहक मिलन का आयोजन



**नरसिंहपुर ।** गुरूवार को सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा नकटुआ में बैंक के स्थापना दिवस पर ग्राहक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक लक्ष्मण सर द्वारा बैंक में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया एवं ग्राहकों से उन्होंने अधिक से अधिक योजनाओं की जानकारी के लिए सीधे संपर्क करने के लिए अपनी बात रखी इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक एल के शर्मा एवं दीपक , द्वारका सेन, मुन्ना विश्वकर्मा के साथ एस के चतुर्वेदी कार्यवाहक प्रांतीय अध्यक्ष मप्र पेंशनर्स समाज, शिवकुमार पटेल कार्यवाहक जिला अध्यक्ष, रामसिंह जाट, कमलेश जाट सहित ग्राहक बंधु की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन गौरव जाट एवं आभार प्रदर्शन ब्रांच मैनेजर द्वारा द्वारा किया गया।

### कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

**नरसिंहपुर ।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर देश में तानाशाह रवैया लोकतंत्र के सम्मान मे संसद द्वारा 142 सांसदों को निलंबित करने के विरोध मे धरना प्रदर्शन 22 दिसंबर शुक्रवार को दोपहर 1 बजे स्थानीय सुभाष पार्क पर धरना प्रर्दशन किया जावेगा । कांग्रेस के समस्त पदाधिकरियों व कार्यकर्ताओं को उपस्थित होने को कहा गया है । धरना प्रदर्शन में शामिल होकर तानाशाह सरकार एवं संसद के अनैतिक पूर्ण रवैये के खिलाफ एक जुट होकर अपनी आवाज उठाएं एवं समर्थन करें एवं लोकतंत्र बचाने का समर्थन करें सहभागी बने।

### संत गाडगे महाराज जी को अर्पित की पुष्पांजलि



**करेली।** गुरूवार को रजक समाज के आराध्य संत शिरोमणि गाडगे महाराज जी की पुण्यतिथि पर शुभम कॉलोनी निरंजन वार्ड स्थित संत गाडगे धर्मशाला में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम महाराज जी के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर पूजन अर्चन किया गया तत्पश्चात महाराज जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला जिसमे उनके द्वारा बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया, महाराज जी अशिक्षित होते हुए भी शिक्षा के प्रति जागरूक किया,उनका मानना था कि सच्चा ईश्वर दरिद्र नारायण के रूप में तुम्हारे सामने खड़ा है,उसकी सेवा करो। कार्यक्रम में राजेंद्र रजक (नाकेदार),डालचंद्र सनेडिया,रेवाराम रजक,संतोष रजक, हरि रजक, परसोत्तम रजक,प्रेम रजक, देवेंद्र रजक,मनोज रजक,राजू रजक, भानू रजक,जीवन रजक,रोहित रजक (पत्रकार) सहित अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

### करों के भुगतान को लेकर उदासीन बनें उपभोक्ता

**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा नगर परिषद तेंदूखेड़ा में विभिन्न मदों के करों में लगभग डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की राशि उपभोक्ताओं से लेनी है।इस वसूली को लेकर उपभोक्ताओं में उदासीनता देखने को मिल रही है।नगर परिषद के कर्मचारी घर घर जाकर वसूली में जुटे हुए हैं। फिर भी उपभोक्ताओं से अपेक्षित वसूली नहीं हो पा रही है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार पानी का लगभग 900 लोगों पर 90 लाख रुपए, संपत्ति कर में 550से अधिक उपभोक्ताओं पर 39 लाख तथा 20 दुकान उपभोक्ताओं पर 22लाख दुकानों का किराया बाकी बना हुआ है। इनमें से पानी के 100 से अधिक बड़े बकाया दार है तथा 800 के लगभग एक साल दो साल के बकाया दार शामिल हैं। वहीं संपत्ति कर में 100 ऐसे बकाया दार है, जिन्होंने अभी तक टेक्स ही जमा नहीं किया है। तथा कुछ बकाया दारों पर तीन से चार पांच सालों की बकाया है।